VivaDesigner 7:
डेस्कटॉप एवं वेब संस्करण


WE PUBLISH THE WORLD



भविष्य में आपका स्वागत है

VivaDesigner® डेस्कटॉप तथा वेब के लिए पहला टाइपसेटिंग तथा लेआउट प्रोग्राम है। इसकी नवप्रवर्तनशील परिकल्पना के साथ आप अपने कार्य प्रक्रिया तथा डॉक्युमेन्ट प्रबन्धन को निर्णायक रूप से सुधार सकते हैं।

VivaDesigner® के साथ, अंत उपयोगकर्ता, संस्थाएं तथा उनके कर्मचारी साथ ही साथ एजेन्सियों, सेवा प्रदाता तथा सम्पादकों के बीच सभी सहयोग सरलीकृत हो सकते हैं तथा प्रभावशाली ढंग से बेहतर हो सकते हैं।



VivaDesigner डेस्कटॉप संस्करण में सभी ऑपरेटिंग सिस्टम तथा वेब संस्करण में सभी आधुनिक ब्राउजर्स पर चलता है। Adobe® InDesign® जैसे अन्य प्रोग्राम के साथ डॉक्युमेन्ट्स का आदान-प्रदान भी किया जा सकता है।

VivaDesigner®: सभी के लिए एक क्रांति

VivaDesigner® पहला विश्वव्यापी लेआउट प्रोग्राम है जो सभी ऑपरेटिंग सिस्टम पर डेस्कटॉप पर तथा सभी आधुनिक ब्राउजर्स में वेब पर चलाये जाने के लिए है। यह एक प्रोग्राम में सभी भाषाओं को समर्थित करता है तथा सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपयुक्त है:, पेशेवर, शुरूआतकर्ता, अप्रवीण, ग्राफिक डिजाइनर, कॉरपोरेट तथा अंत ग्राहक।

VivaDesigner®, उपयोगकर्ता-अनुकूलता, लेआउट, टाइपोग्राफी, डिजाइन तथा ऑटोमेशन में 20 वर्षों से विश्वव्यापी मानक स्थापित करता आ रहा है।

VivaDesigner® डॉक्युमेन्ट्स बनाना तथा सम्पादन में क्रांति ला रहा है।
VivaDesigner® पहली बार डॉक्युमेन्ट्स की वैश्विक, क्रॉस-प्लेटफॉर्म वेब-आधारित रचना तथा सम्पादन को सक्षम बना रहा है, जो पेशेवरों तथा शुरूआतकर्ताओं दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसमें सभी फंक्शन उपलब्ध हैं जिनका किसी डॉक्युमेन्ट के लेआउट का निर्माण करने के लिए आवश्यकता होती है।.

सभी ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए एक
VivaDesigner® सभी प्रमुख प्लेटफॉर्म पर चलता है: Windows, Linux तथा Mac. तीनों पर फाइल फॉरमेट एक जैसा ही है, ताकि उपयोगकर्ता किसी भी ऑपरेटिंग सिस्टम के बीच में डॉक्युमेन्ट की अदला-बदली कर सकें।

सभी ब्राउजरों के लिए एक
VivaDesigner® पूरे विश्व में पहला लेआउट प्रोग्राम है जो आधुनिक वेब ब्राउजर पर चलता है जैसे कि Microsoft Internet Explorer, Firefox, Safari अथवा Chrome। किसी इंस्टॉलेशन की आवश्यकता नहीं है, कोई फॉन्ट, Java, Flash, तथा प्ल ग-इन नहीं।*1

सभी के बटुए के लिए एक
VivaDesigner® बिना किसी शुल्क के उपलब्ध है (»निःशुल्क संस्करण«)। निजी उपयोगकर्ता के लिए लाइसेंसमय »व्यक्तिगत संस्करण« तथा कॉरपोरेट उपयोगकर्ताओं के लिए »वाणिज्यिक संस्करण« में अतिरिक्त फंक्शन हैं।

*1 वेब संस्करण के लिए एकमात्र एवं उचित है । अन्य सभी विशेषताएँ डेस्कटॉप तथा वेब संस्करण दोनो में शामिल कर रहे है । *2 माईक्रोसाफ्ट® इंटरनेट एक्सप्लोरर® 6-8 गूगल® क्रोम® प्लगइन की जरूरत है ।
*3 Adobe® InDesign® आदान प्रदान IDML फॉरमेट पर आधारीत है । IDML एक्स्पोर्ट हर VivaDesigner संस्करण में उपलब्ध नहीं है ।

वेब-संगत VivaDesigner® के साथ (इस उदाहरण में Google Chrome ब्राउजर के साथ), Viva® ने टाइपसेटिंग तथा पेज लेआउट प्रोग्राम की अगली पीढ़ी के विकास में एक निर्णायक खोज की है, जिसके द्वारा जर्मन कम्पनी ऑनलाइन तथा क्लाउड पब्लिशिंग में नये नवप्रवर्तनशील मानक स्थापित कर रही है।



सभी उपयोगकर्ता समूहों के लिए एक VivaDesigner® के वेब संस्करण के साथ, आपके पास डॉक्युमेन्ट की डिजाइन, रचना तथा सम्पादन में बिलकुल नयी संभावनाएं हैं।

- एजेन्सियों तथा मीडिया सेवा प्रदाताओं के लिए डॉक्युमेन्ट्स की रचना, लेआउट, सम्पादन तथा प्रूफिंग में बिलकुल नयी तथा बहुत ही कम प्रक्रिया साथ ही साथ ग्राहकों के साथ उन्नत संचार।

- अंत उपयोगकर्ता तथा विश्वव्यापी कॉरपोरेशन्स के लिए जटिल लेआउट वाले डॉक्युमेन्ट्स के सम्पादन की सुविधा, प्रत्येक कार्यात्मकता में बहुत ही सरलता के साथ, प्रत्येक टाइपोग्राफिक गुणवत्ता में तथा प्रत्येक भाषा में साथ ही साथ एक ही समय पर सम्पादन तथा आदान-प्रदान भी।

- समाधान प्रदाता तथा सॉफ्टवेयर डेवलपर के लिए प्रोग्राम अथवा वेबसाइट विकसित करने अथवा संरलतापूर्वक उन्हें विस्तारित करने की संभावना, जिसके साथ उपयोगकर्ता सीधे लेआउट बनाये अथवा मौजूदा लेआउट डॉक्युमेन्ट को सम्पादित करे। इस प्रकार सॉफ्टवेयर डेवलपर अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के महत्वउ को विस्तारित कर सकते हैं अथवा बढ़ा सकते हैं।


- इन्टरनेट प्रदाता तथा आई.टी. विभाग के लिए प्रकाशन, ग्राफिक डिजाइन/लेआउट तथा सम्पादन के सम्बन्धित सार्वजनिक अथवा निजी क्लाउड सेवा प्रदान करने की संभावना।

प्रकाशन समस्याओं के लिए एक समाधान

क्या आप »अपने वेब-से-प्रिन्ट« सिस्टम में तालिकाओं, एम्बेडेड ऑब्जेक्ट्स, टेक्स्ट एवं इमेज पाथ के चारों ओर टेक्स्ट, हाइफेनेशन, स्पेल चेक, अथवा फुटनोट को याद करते हैं। VivaDesigner टाइपसेटिंग तथा लेआउट प्रोग्राम के ये सभी फंक्शन प्रदान करता है, यहां तक कि वेब में भी। डेस्कटॉप तथा/अथवा वेब संस्करण के साथ आप अपनी प्रकाशन समस्याओं को किसी भी अन्य टूल से बेहतर हल कर सकते हैं:

- ✔ वर्कस्टेशन पर इंस्टॉलेशन नहीं।*1
- ✔ ब्राउजर में कोई JAVA, Flash अथवा प्लहग-इन नहीं। *1
- ✔ सभी ब्राउजर्स: IE*2, Firefox, Safari, Chrome.*1
- ✔ सभी प्लेटफॉर्म: Mac, Windows, Linux.
- ✔ 100 प्रतिशत जो आप देखते हैं वही आप पाते हैं (WYSIWYG), प्रत्येक ब्राउजर में स्क्रीन तथा PDF में बिना किसी अन्तर के।
- ✔ डेस्कटॉप तथा वेब संस्करण के बीच कोई कार्यात्मक भिन्नता नहीं।
- ✔ सभी भाषाओं में टेक्स्ट इन्ट्री (अरैबिक, हीब्रू, चाइनीज, जैपेनीज समेत)
- ✔ बहुभाषी यूजर इन्टरफेस तथा कई भाषाओं में स्टाइल शीट का स्वचालित अनुवाद।
- ✔ डॉक्युमेन्ट में फॉन्ट की वैल्पिक एम्बेडिंग के कारण डेस्कटॉप अथवा वेब में फॉन्ट के इंस्टॉलेशन आवश्यक नहीं।
- ✔ InDesign® से सम्पूर्ण आयात एवं निर्यात *3.
- ✔ हाइफेनेशन तथा स्पेल चेकिंग।
- ✔ ओपन XML फॉरमैट।

"Cloud" में आपका स्वागत हैः अब आप अपने डॉक्युमेन्ट्स को डेटाबेस अथवा वेब पोर्टल में केन्द्रीय तौर पर सेव तथा स्टोर कर सकते हैं तथा उन्हें सीधे VivaDesigner® में खोल सकते सकते हैं। डेटाबेस तथा वेब पोर्टस ''ओपन'' डॉयलॉग में ड्राइव के रूप में दिखाई पड़ते हैं (यहां "VIVA-Live")



नयी परिकल्पनाएं तथा वर्कफ्लो/प्रक्रियाएं:

VivaDesigner® 7 नयी परिकल्पनाएं तथा वर्कफ्लो/प्रक्रियाएं जो डॉक्युमेन्ट के प्रबन्धन तथा अंत उपयोगकर्ता, कम्पनियों तथा उनके कर्मचारियों साथ ही साथ एजेन्सियों, सेवा प्रदाताओं, मुद्रक, सम्पादक तथा आपूर्तिकर्ताओं के बीच सहयोग को प्रभावशाली तरीके से सरल करती हैं तथा बेहतर बनाती हैं।


"Cloud" में आपका स्वागत है *।
VivaDesigner® 7 पहला लेआउट प्रोग्राम है जो आपको सीधे इन्टरनेट के माध्यम से डॉक्युमेन्ट को सीधे खोलने तथा सेव करने की संभावना प्रदान करता है। इस नयी तकनीकी के साथ, कम्पनी तथा उपयोगकर्ता अपने डॉक्युमेन्ट्स को केन्द्रीय तौर पर प्रबन्धित कर सकते हैं तथा उन्हें चुने हुए उपयोगकर्ता समूह को प्रदान करने का विकल्प होता है। इन्टरनेट पर स्टोर करने के माध्यम से आपके पास अपने डॉक्युमेन्ट तक दुनिया में कहीं से भी किसी भी समय पर पहुंच होती है। सुरक्षा तथा प्रदर्शन में वृद्धि करने के लिए पृथक Clouds अथवा इन्ट्रानेट्स का प्रयोग किया जा सकता है।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

VivaDesigner® 7 को विशिष्ट रूप से बहुभाषी डॉक्युमेन्ट्स तथा अन्तर्राष्ट्रीय डॉक्युमेन्ट्स आदान-प्रदान के लिए डेवलप किया किया गया थाः

1. एकल यूनिफॉर्म एप्लीकेशन तथा डॉक्युमेन्ट्स फॉरमैट में सभी भाषाओं का सम्पादन तथा लेखन निदेशन (अरैबिक, हीब्रू, चाइनीज, जैपेनीज, कोरियन समेत)।
2. लगभग 20 भाषाओं में बहुभाषी उपयोगकर्ता इंटरफेस, जो कि फ्लाई पर स्विच की जा सकती हैं।
3. आदर्श रंग तथा स्टाइल शीट वैकल्पिक तौर पर स्वचालित तरीके से चुनी गई भाषा के अनुसार अनुवादित हो जाती हैं। इस तरीके से मात्र एक एकल डॉक्युमेन्ट को उपयोगकर्ताओं सम्पादन के लिए भिन्न भाषाओं के साथ आगे बढ़ाया जा सकता है। इस तकनीकी के साथ कम्पनियाँ, एजेन्सियाँ, मुद्रक अथवा सेवा प्रदाता डॉक्युमेन्ट ''टेम्पलेट्स'' की रचना कर सकते हैं जो कि प्रत्येक देश में तुरन्त ही समझे जा सकते हैं।

* इंटरनेट में या डेटाबेस में दस्तावेजों को खोलने और बचाने के लिए पर्याय हर प्रोग्राम संस्करण में उपलब्ध नहीं हो सकता.



स्वचालित फॉन्ट एम्बेडिंग
डॉक्युमेन्ट के आदान-प्रदान में एक बड़ी समस्या होती है फॉन्ट का वितरण तथा प्रबन्धनः

1. VivaDesigner® उपयोग किये गये फॉन्ट को एकत्रित करने का फंक्शन प्रदान करता है परन्तु बहुत से उपयोगकर्ता अपने फॉन्ट को साझा नहीं करना चाहते हैं अथवा बहुत ही कम लोग स्वेच्छा से ऐसा करते हैं।
2. बहुत से उपयोगकर्ताओं के पास, विशेषरूप से बड़ी कॉरपोरेटओं में एडमिनिस्ट्रेटर अधिकार के बिना फॉन्ट को इंस्टॉल नहीं किया जा सकता है।
3. अतिरिक्त इंस्टॉल किये गये फॉन्ट पहले से इंस्टॉल्डर फॉन्ट्सो के साथ आसामंजस्य उत्पन्न करते हैं।

VivaDesigner® के साथ, डॉक्युमेन्ट में उपयोग किये गये फॉन्ट को माउस के एक क्लिक द्वारा स्वचालित तरीके से एम्बेडिंग करने के द्वारा ये सभी समस्याएं सुलझाई जा सकती हैं। डिजाइन प्राथमिक तौर पर इन फॉन्ट का उपयोग करेगा, चाहे यदि समान नाम के फॉन्ट सिस्टम में पहले से ही मौजूद हों। यदि यदि आप चाहें तो आप फॉन्ट को मैनुअली भी एम्बेड कर सकते हैं, जो कि डॉक्युमेन्ट में शामिल नहीं हैं परन्तु सम्पादन के लिए उपयोगकर्ता को आवश्यकता है।

सहयोग के लिए अद्वितीय मॉड्यूल
अतिरिक्त मॉड्यूल »Distributed Publishing« के साथ आप पहुंच अधिकार निर्धारित कर सकते हैं जो कि उपयोगकर्ता स्तर पर डॉक्युमेन्ट्स के सम्पादन को सीमित करता है। अतिरिक्त मॉड्यूल »Team Publishing« के साथ बहुत से उपयोगकर्ता एक ही डॉक्युमेन्ट पर भिन्न स्थानों पर एकसाथ कार्य कर सकते हैं (पेज 8-10 पर अधिक जानकारी)।

Adobe® InDesign® के साथ सहयोग/आदान-प्रदान
Adobe® IDML*2 के लिए आयात एवं निर्यात मॉड्यूल के साथ, आप अपने Adobe® InDesign® डॉक्युमेन्ट को VivaDesigner® 7 में खोल सकते हैं (3) तथा यदि आवश्यकता हो तो आप Adobe® IDML फॉरमैट (#4) में सेव भी कर सकते हैं। इस प्रकार आप Adobe® InDesign® से VivaDesigner® पर सरलतापूर्वक स्विच कर सकते हैं अथवा उन उपयोगकर्ताओं के साथ डॉक्युमेन्ट का आदान-प्रदान कर सकते हैं जो अभी भी Adobe® InDesign® उपयोग करते हैं।

निःसंदेह आप एक वर्कफ्लो विकसित कर सकते हैं, जिसके द्वारा आप VivaDesigner® के साथ बनाये गये टेम्पलेट प्रदान करते हैं जिसे भरा जा सकता है तथा सीधे Adobe® InDesign® में आयात किया जा सकता है।

जो संस्थाएं विभिन्न कारणों से Adobe® InDesign® उपयोग करना जारी रखी हैं, बहुत सी स्थितियों में अतिरिक्त Adobe® InDesign® लाइसेंस के धन की बचत करने वाले विकल्प के लिए के रूप में VivaDesigner® का उपयोग कर सकती हैं।.

*1 उपयोग अधिकार के विन्यास के लिए एक अलग मॉड्यूल चुनना है, लेकिन इस तरह के हर दस्तावेजों VivaDesigner संस्करण द्वारा खोला जा सकता है ।

*2 InDesign मार्कअप भाषा = IDML फॉरमेट Adobe® और InDesign® पंजीकृत ट्रेडमार्क. IDML निर्यात मॉड्यूल हर VivaDesigner संस्करण में उपलब्ध नहीं है.

टाइपोग्राफी की पुनः खोज करिए:

VivaDesigner® 7 तकनीकी की परिशोधित टेक्स्ट फंक्शन तथा टाइपोग्राफिक क्षमता बमुश्किल किसी समस्या की संभावना छोड़ती है।

VivaDesigner® 7 के साथ एक प्रोफेशनल टेक्स्ट प्रोसेसिंग एप्लीकेशन तथा एक आधुनिक टाइपसेटिंग प्रोग्राम के सभी फंक्शन मात्र एक एप्लीकेशन में उपलब्ध हैं। VivaDesigner® 7 बहुत से ऐसे फंक्शन भी प्रदान करता है जिसे आप समान एप्लीकेशन अथवा कम से कम तुलनात्मक गुणवत्ता में नहीं पाएंगे। कुछ उदाहरण निम्नलिखित दिये गये हैं जो कि अन्य एप्लीकेशन की तुलना में भिन्नता प्रदर्शित करते हैं:

स्वचालित ऑप्टिकल एलाइनमेन्ट के साथ आपके टेक्स्ट का डिस्प्ले बेहतर बनाता है जिसे किसी भी अक्षर पर प्रयोग किया जा सकता है (#1, #13).

किसी भी साइज में ड्रॉप्स कैप्स बनाइए तथा ड्रॉप कैप शेप के स्वचालित रनअराउण्ड के साथ टाइपोग्राफी को ऑप्टिमाइज करिए (#2, #13).

प्रत्येक टेक्स्ट प्रोजेक्ट के लिए भी किसी भी ऊंचाई में हेडर एवं फुटर निर्धारित करिए (#3, #18).

बहुत से स्तर पर रनिंग टाइटल्स के साथ कार्य करिए जो कि पहली तथा अंतिम घटना अथवा हेडर अथवा फुटर में वर्ण स्ट्रिंग प्रदर्शित करिए (#4).

किसी भी अनुच्छेद, शब्द अथा वर्ण स्पेसिंग, तथा अन्डरलाइन टेक्स्ट को स्वचालित तरीके से अथवा मैनुअली किसी भी रंग, लाइन स्टाइल तथा किसी ऑफसेट के साथ लागू करिए (#5).

टेक्स्ट में एक अथवा अधिक वर्ण को 90 अंश चरणों में घुमाइए (#6).

टैब का प्रयोग करिए तथा फिल वर्ण का कोई भी संयोजन निर्धारित करिए (#7).

एकल अनुच्छेछ अथवा अनुच्छेदों के समूह, लाइन, शब्द अथवा वर्णों पर फ्रेम लागू करें (#8).

टेक्स्ट में ग्राफिक, टेक्स्ट, तालिका अथवा इमेज ऑब्जेक्ट्स एम्बेड करिए तथा रनअराउण्ड व्यवहार निर्धारित करिए (एक तरफ, दो तरफ, इत्यादि) (#9).

स्टाइल तथा स्केलिंग के साथ वर्ण की टाइपोग्राफी निर्धारित करिए (#10).

वर्णों अथवा सम्पूर्ण अनुच्छेद के लिए रंगीन पृष्ठभूमि लागू करिए तथा/अथवा एक फ्रेम निर्धारित करिए। (#11, #15).

सभी भाषाओं तथा दिशाओं में टेक्स्ट दर्ज करें: ''बायें से दायें'' (रोगमन, ग्रीक, साइक्रिलिक इत्यादि), ''दायें से बायें'' (हीब्रू अथवा अरैबिक) अथवा यहां तक कि ''ऊपर से नीचे'' (चाइनीज, जैपेनीज, कोरियन) (#12).

एक रंगीन आउटलाइन के साथ वर्ण प्रदर्शित करिए (#13).

एक टेक्स्ट फ्रेम के अन्दर बहुत से लेआउट निर्धारित करिए तथा प्रत्येक कॉलम के लिए भिन्न चैड़ाई तथा गटर के साथ टेक्स्ट का कॉलम लेआउट परिवर्तित करिए (#14).

असाधारण इफेक्ट प्राप्त करने के लिए रंग पारदर्शित (ओपैसिटी), वर्ण कर्निंग, तथा ऑब्जेक्ट शेड के साथ कार्य करिए (#15).

इन्डनोट दर्ज करें तथा उनका स्थान निर्धारित करों (टेक्स्ट के अंत में अथवा लेआउट के अंत में) (#16).

नम्बरिंग, सेप्रेटर्स, कॉलम तथा पोजीशन के लिए व्यापक विकल्पों के साथ समेकित फुटनोट प्रबन्धन का प्रयोग करिए (#17).

फुटर मंे पृष्ठ संख्या, आगामी पृष्ठों, पृष्ठ की संख्या (मात्रा), पूर्व पृष्ठ संख्या, डॉक्युमेन्ट का नाम, तिथि, तथा और भी बहुत कुछ के लिए वैरियेबल इन्सर्ट करें तथा मुख्य टेक्स्ट से उन्हें पृथक करने के लिए अनुच्छेद नियमों तथा स्थान का प्रयोग करें। (#18).

Varem ipsum dolor sit amet, consetetur sadipscing elitr, sed diam nonumy eirmod tempor invidunt ut labore et dolore magna aliquyam erat, sed diam voluptua. At vero eos et accusam et justo duo dolores et ea rebum. Stet clita kasd gubergren, no sea takimata sanctus est Lorem ipsum dolor sit amet. Lorem ipsum dolor sit amet, consetetur sadipscing elitr, sed diam nonumy eirmod tempor invidunt ut labore et dolore magna aliquyam erat, sed diam voluptua. At vero eos et accusam et justo duo dolores et ea rebum.

Duis autem vel eum iriure dolor in hendrerit in vulputate velit esse molestie consequat, vel illum dolore eu feugiat nulla fduis dolore te feugait nulla facilisi 1

Lorem ipsum dolor sit amet, consectetuer adipiscing elit, sed diam nonummy nibh euismod tincidunt ut laoreet dolore magna aliquam erat volutpat 2

Ut wisi enim ad minim veniam, quis nostrud exerci tation ullamcorper suscipit lobortis nisl ut aliquip ex ea commodo consequat. Duis autem vel eum iriure dolor in hendrerit in vulputate velit esse molestie consequat, vel illum dolore eu feugiat nulla facilisis at vero eros et accumsan et iusto odio dignissim qui blandit praesent luptatum zzril delenit augue duis dolore te feugait nulla facilisi.



Nam liber tempor cum solut obis eleifend option congue nihil imperdiet doming id quod mazim placerat facer possim assum. Lorem ipsum dolor sit amet, consectetuer adipiscing elit, sed diam nonummy nibh euismod tincidunt ut laoreet dolore magna aliquam erat volutpat. Ut wisi enim ad minim veniam, quis nostrud exerci tation ullamcorper suscipit lobortis nisl ut aliquip ex ea commodo consequat.[1]

مرحبا بكم في المانيا.. التكنولوجيا الحقيقي هو بدعة غير المسددة لجميع اللغات واتجاهات الكتابة.

Duis autem vel eum iriure dolor in hendrerit in vulputate velit esse molestie consequat, vel illum dolore eu feugiat nulla facilisis.

At vero eos et accusam et justo duo dolores et ea rebum. Stet clita kasd gubergren, no sea takimata sanctus est Lorem ipsum dolor sit amet. SLorem ipsum dolor sit amet, consetetur sadipscing elitr, At accusam aliquyam diam diam dolore dolores duo eirmod eos erat, et nonumy sed tempor et et invidunt justo labore Stet clita ea et gubergren, kasd magna no rebum. sanctus sea sed takimata ut vero voluptua[2]. est Lorem ipsum dolor sit amet. Lorem ipsum dolor sit amet, consetetur.



[1] *This is my footnote text # 1*

[2] This is my footnote text # 2. Did you know that footnotes can have multiple columns?

No? Yes, footnotes can have multiple columns!

»Distributed Publishing« मॉड्यूल

»Distributed Publishing« मॉड्यूल के साथ डिजाइन अपने ग्राहकों, सहकर्मियों अथवा कर्मचारियों को सम्पादन के लिए एक ओपन लेआउट डॉक्युमेन्ट प्रदान कर सकते हैं। यहां प्रत्येक पृथक डॉक्युमेन्ट के लिए यह निर्धारित किया जा सकता है कि उपयोगकर्ता के पास क्या सम्पादन सम्भावनाएं होंगी।

इस प्रकार से, उदाहरण के लिए, आप ऐसे डॉक्युमेन्ट की रचना कर सकते हैं जो अन्य उपयोगकर्ता को टेक्स्ट दर्ज करने अथवा इमेज घुमाने की संभावना दे। इन उपयोगकर्ताओं द्वारा रंग अथवा स्टाइल शीट प्रयोग की जा सकती है परन्तु उनके द्वारा सम्पादित नहीं की जा सकती है। डॉक्युमेन्ट के रचनाकार के रूप में आपएक पृथक पासवर्ड द्वारा उनकी सुरक्षा कर सकते हैं तथा स्वयं द्वारा डॉक्युमेन्ट को सम्पादित करने के लिए डॉक्युमेन्ट को पासवर्ड द्वारा अनलॉक कर सकते हैं। और तो और, पृथक लेयर अथवा एलियास पृष्ठ (मास्टर पेज) अविधिक पहुंच अथवा परिवर्तन के विरूद्ध सुरक्षा के लिए पासवर्ड द्वारा सुरक्षित हो सकते हैं। इस प्रकार उपयोगकर्ता, उदाहरण के लिए प्रि-हाइफेनेटेड टेक्स्ट को सीधे लेआउट में दर्ज कर सकता है। जिन डॉक्युमेन्ट पर पहुंच अधिकार का प्रयोग किया है, उन्हें प्रोग्राम के किसी भी संस्करण में खोला जा सकता है।

यह सब बिना खर्चीले लेआउट प्रोग्राम »Web-to-Print« एप्लीकेशन अथवा एडिटिंग सिस्टम के बिना कार्य करता है। तैयार डॉक्युमेन्ट का स्थानान्तरण पूर्णतया स्वचालित तरीके से क्रियान्वित होता है, बिना किसी ई-मेल, एफ.टी.पी. अथवा वेब प्रोग्राम के। सभी मॉड्यूल की तरह »Distributed Publishing« डेस्कटॉप तथा वेब संस्करण दोनों पर प्रयोग किया जा सकता है।

परिपूर्ण डॉक्युमेन्ट के मात्र छह कदमः

»Distributed Publishing« के साथ आप एक टेम्पलेट बना सकते हैं जिसे सम्पादित किया जा सकता है तथा मात्र कुछ एक मिनटों में ही एक उपयोगकर्ता द्वारा स्वचालित तरीके से वापस भेजा सकता है।

चरण 1 (टेम्पलेट बनाइए)
VivaDesigner® 7 में एक लेआइउट बनाइए अथवा IDML फॉरमैट में (CS4 से) Adobe® InDesign® से एक पूर्ण लेआउट आयात करिए।

चरण 2 (पहुंच अधिकार निर्धारित करिए)
टेस्क्ट एवं इमेज, साथ ही साथ प्रोग्राम, लेआउट तथा मुद्रण विकल्पों के लिए 30 से भी अधिक सेटिंग में से सम्पादन अधिकार निर्धारित करिए जो कि आप उपयोगकर्ता को देना चाहेंगे। इन सेटिंग्स को एक पृथक पासवर्ड से सुरक्षित रखिए। एक विकल्प के रूप में, एकल टेक्स्ट/पिक्चर ऑब्जेक्ट्स को पासवर्ड-सुरक्षित लेयर पर ले जाइए ताकि वे उपयोगकर्ता द्वारा पहुंच से सुरक्षित रहें।

चरण 3 (डॉक्युमेन्ट को ग्राहक को वितरित करिए)
डॉक्युमेन्ट को ग्राहक को वितरित करिए (उदाहरण के लिए, एक स्थानीय अथवा विश्व-व्यापी नेटवर्क के द्वारा अथवा एक अतिरिक्त सॉफ्टवेयर जैसे कि Shop system के माध्यम से)।

चरण 4 (ग्राहक डॉक्युमेन्ट को सम्पादित करे)
आपका ग्राहक, उसे स्थानीय तौर पर अथवा उसके अपने कम्प्यूटर पर निर्दिष्ट किये गये उपयोगकर्ता अधिकारों के अन्तर्गत ही डॉक्युमेन्ट को »VivaDesigner®« के एक निःशुल्क संस्करण अथवा Windows, Mac अथवा Linux के लिए एक लाइसेंस वाले संस्करण के प्रयोग द्वारा सम्पादित करे।

चरण 5 (स्वचालित डॉक्युमेन्ट रिटर्न)
VivaDesigner® आपको आप द्वारा निर्धारित किये गये पता पर सम्पूर्ण डॉक्युमेन्ट पूर्णतया स्वचालित तरीके से सभी फॉन्ट तथा इमेज के साथ भेजता तथा सभी आवश्यक सूचना के साथ आपको को एक पुष्टिकरण संदेश भेजता है।

चरण 6 (अनलॉक तथा अतिरिक्त संपादन)
अधिक सम्पादक के लिए अपने पासवर्ड के साथ डॉक्युमेन्ट को अनलॉक करे। एक विकल्प के रूप में कोई भी एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर डेटा को स्व चालित तरीके से सम्पादित कर सकता है (उदाहरण, प्रूफिंग, ऑर्डर प्रोसेस अथवा सीधे मुद्रण के लिए)।



VivaDesigner® में एक टेम्पलेट बनाइए अथवा अपने लेआउट को InDesign® से आयात करिए तथा सम्पादन सम्भावनाओं को निर्धारित करिए जो कि आप अपने उपयोकर्ताओं को प्रदान करना चाहते हैं।

इस उदाहरण में, आपका ग्राहक केवल टेक्स्ट ऑब्जेक्ट पर क्लिक कर सकता है तथा उपलब्ध स्टाइल शीट को टेक्स्ट पर निर्दिष्ट कर सकता है!

वीडियो: **VIVADESIGNER.IN** पर

मुझे »Distributed Publishing« की आवश्यकता कब है?


आपको »Distributed Publishing« की आवश्यकता तब है जब आपके उपयोगकर्ता समूह के अनुसार आप निम्नलिखित सूचीबद्ध लक्ष्यों में से एक अथवा दो का उत्तर »हाँ« में दे सकें।

डिजाइनर/सेवा प्रदाताओं के लिए लक्ष्यः

- आप अपने ग्राहकों/सहकर्मियों से टेक्स्ट अथवा वर्ड प्रोसेसर फाइलें जैसे कि PDF, फैक्स, ईमेल प्राप्त करते हैं तथा इतने अधिक डेटा एवं मैनुअल कार्यों को समाप्त करना चाहते हैं?
- आप एक सम्पादन सिस्टम अथवा एक »Web-to-Print« समाधान की लागत कम करना चाहते हैं, क्योंकि ये बहुत ही महंगे हैं तथा/अथवा छोटे प्रिन्ट रन के लिए के लिए उपयुक्त नहीं हैं?
- आप डॉक्युमेन्ट पर पूर्ण नियंत्रण रखना चाहते हैं, यहां तक कि छोटे प्रिन्ट रन के लिए तथा फिर भी अपने ग्राहकों को सामग्री की व्यापक स्वतंत्रता प्रदान करना चाहते हैं?
- आप सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आपका ग्राहक आपके टेम्पलेट के साथ दूसरे आपूर्तिकताओं के पास न जाए?
- आपको एक ऐसे समाधान की आवश्यकता है जो आपके ग्राहकों एवं उनके भागीदारों को आपकी डिजाइन में कोई परिवर्तन किये बिना विश्व-व्यापी तथा सभी भाषाओं में अनुवाद करने की सुविधा प्रदान करे?
- आप बिना किसी भाषा अपवाद के एक सॉफ्टवेयर चाहते हैं ? रसियन, चाइनीज, जैपेनीज, हीब्रू तथा अरैबिक के लिए?

कम्पनियों/अंत उपयोगकर्ताओं के लिए लक्ष्यः

- आप टेक्स्ट अथवा वर्ड प्रोसेसिंग प्रोग्राम अथवा ई-मेल प्रोग्राम में लिखने के बजाय अपने टेक्स्ट को सीधे अंतिम लेआउट में डालना चाहते है?
- अपनी आवश्यकताओं को बहुत बारीकी से ग्राफिक डिजाइन को वर्णित करने के बजाय आप इमेज क्रॉपिंग तथा इमेज साइज को सीधे अंतिम लेआउट में निर्धारित करना चाहते हैं?
- आप PDFs में प्रूफिंग करेक्शन अथवा टेक्स्ट को ई-मेल द्वारा अब नहीं भेजना चाहते हैं?
- आप एक उपयुक्त प्रिन्ट प्रिव्यू (जो आप देखते हैं, वही आप पाते हैं) (WYSIWYG) के साथ यूजर इन्टरफेस चाहते हैं जो Word से अधिक सरल हो?
- आप अपने ग्राफिक डिजाइन के लिए अपडेट एवं अपग्रेड समेत लेआउट सॉफ्टवेयर खरीदने की मजबूरी नहीं चाहते हैं?
- आप दोनों पक्षों के संतुष्ट होने तक ग्राफिक डिजाइनर के साथ लगातार डेटा का आदान-प्रदान करना नहीं चाहते हैं?
- आप मिडिल ईस्ट अथवा एशिया में अपने विदेशी भागीदारों को डॉक्युमेन्ट अपनी सी.डी. तथा संगत अनुवाद के साथ प्रदान करना चाहते हैं? आप सभी भाषाओं के लिए एक सॉफ्टवेयर चाहते हैं, कोई अपवाद नहीं?



»Team Publishing« के साथ सम्पादक सभी डॉक्युमेन्ट पेज देखता है। वह केवल उन्हीं टेक्स्ट, इमेज तथा ग्राफिक को सम्पादित कर सकता है, जो कि उसे निर्दिष्ट किये गये हैं। बाकी सभी ऑब्जेक्ट सेलेक्ट नहीं किये जा सकते हैं तथा पारदर्शी के रूप में दिखाये जाते हैं।

»Team Publishing« मॉड्यूल

»Team Publishing« मॉड्यूल के साथ VivaDesigner® एक सम्पादन प्रणाली में कार्य फंक्शन के रूप में विस्तारित किया जा सकता है।


»Team Publishing« मॉड्यूल के साथ, सम्पादन प्रणाली को सरलतापूर्वक तथा तुरन्त निर्मित किया जा सकता है, जिसमें बहुत से लोग एक साथ एक ही डॉक्युमेन्ट पर कार्य करें। मॉड्यूल के विकास में बड़े एवं छोटे प्रकाशकों दोनों की ही आवश्यकताओं पर विचार किया गया था।

लाभों की समीक्षाः

- सम्पादक न केवल टेक्स्ट को ही पुनः सम्पादित कर सकता है बल्कि आवश्यकता होने पर इमेज एवं फ्रेम को भी सम्पादित कर सकता है।
- सम्पादक पेज पर सभी फ्रेम का प्रिव्यू प्राप्त करता है, चाहे यदि वह सभी फ्रेम एवं उनकी सामग्री को सम्पादित नहीं भी कर सकता हो। इस प्रकार सम्पादक पृष्ठ की सही सामग्री जानता है।
- सम्पादक डॉक्युमेन्ट में अन्य व्यक्तियों द्वारा किये गये बदलावों का एक अपडेट भी प्राप्त करता है, बशर्ते कि मास्टर डॉक्युमेन्ट का एक नेटवर्क कनेक्शन हो।
- विशेष तौर पर छोटे प्रकाशकों के साथ भी, सम्पादक डिजाइनर भी होता है तथा इस प्रकार हिस्सों यहां तक कि सम्पूर्ण पृष्ठ के लिए भी जिम्मेदार होता है।
- सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के लिए एक सर्वर का सुझाव दिया जाता है जिस पर सभी सम्बन्धित लोग केन्द्रीय तौर पर कार्य करेंगे, परन्तु यह उपयोग करने की शर्त नहीं है। यह खास तौर पर सम्पादकों के लिए उपयोगी है जिनके कार्यालय एक दूसरे से पृथक होते हैं। इस स्थिति में कार्य फाइलों का रचनकार उन्हें ई-मेल के माध्यम से भी भेजा जा सकता है।

यह मॉड्यूल न केवल पत्रिकाओं अथवा समाचार पत्रों के सम्पादकों के लिए उपयुक्त है बल्कि कॉरपोरेट प्रकाशनों के लिए भी जहां कि बहुत से उपयोगकर्ता भिन्न अनुभागों पर कार्य करते हैं। डिजाइन में परिवर्तन करने के लिए डिजाइन साथ-साथ में कार्य कर सकते हैं जबकि उपयोगकर्ता फ्रेम को इमेज अथवा टेक्स्ट से फिल करे। सभी मॉड्यूल की तरह, »Team Publishing« को भी डेस्कटॉप तथा वेब संस्करणों पर लागू किया जा सकता है।

''ड्रैग एण्ड ड्रॉप'' के साथ अभिलेखों को टेक्स्ट तथा इमेज के साथ पृष्ठ पर ऑब्जेक्ट्स पर खीचें - कुछ ही क्षणों में आपका कैटलॉग सम्पूर्ण है तथा पूर्णतया फॉरमैट किया हुआ है।



''डेटाबेस प्रकाशन'' पुनः खोज किया हुआः

VivaNWP Designer के नये ''ईजी पब्लिशिंग'' संस्करण के साथ आप कैटलॉग, ब्राउचर अथवा मूल्य सची का तेजी से तथा अधिक सरलतापूर्वक बना सकते हैं।

''ईजी पब्लिशिंग'' संस्करण के साथ VivaNWP® Designer 7 एक ''डेटाबेस प्रकाशन'' सॉफ्टवेयर पेश करता है, जिसके साथ आप जटिल डॉक्युमेन्ट को तेजी से तथा सरलतापूर्वक बना सकते हैं। उदाहरण के लिए ऐसे डॉक्युमेन्ट हैं, कैटलॉग, ब्राउचर, मूल्य सूची, तथा और भी बहुत कुछ। उचित तैयारी के पश्चात आप माउस के कुछ एक क्लिक के साथ कुछ ही क्षणों में एकल डॉक्युमेन्ट पृष्ठ बनायेंगे।

लाभों का समीक्षाः

- सरल यूजर इन्टरफेस के कारण नगण्य प्रशिक्षण समय। जटिल टेम्पलेट बनाने में लगने वाली दिनों की तैयारी तथा प्रशिक्षण की अब आवश्यकता नहीं है। इसलिए ''ईजी पब्लिशिंग'' शुरूआत करने वालों के लिए भी उपयुक्त है।
- माउस की कुछ एक क्लिक में ही पेशेवर डॉक्युमेन्ट का सरल निर्माण।
- टेक्स्ट एट्रीब्यूट्स तथा इमेज की पोजिशनिंग का परिपूर्ण निर्दिष्टीकरण।
- मूल्यों, टेक्स्ट तथा इमेज की पलक झपकते ही विश्वसनीय अपडेटिंग, एक डेटाबेस अथवा Excel फाइल में डेटा के केन्द्रीय संग्रहण को धन्यवाद। यदि डेटा स्रोत में डेटा में परिवर्तन होता है तो डॉक्युमेन्ट में ये परिवर्तन तुरन्त ही अपडेट किये जा सकते हैं।
- बेहतरीन मूल्य/प्रदर्शन अनुपात।

आपके वर्कफ्लो में परिपूर्ण समेकन

सभी संस्करणों में, VivaNWP® Designer नयी 7-श्रृंखला के लाभ प्रदान करता हैः डॉक्युमेन्ट का डेटाबेस तथा नेटवर्क पर खोलन तथा सेव करना, पहुंच अधिकारों को निर्धारित करना, Adobe® InDesign® के साथ सहयोग/आदान-प्रदान।

VIVA: डेवलपर्स के लिए प्रकाशन प्लेटफॉर्म

पेशेवर प्रकाशन तकनीकी को सीधे आपके वेब, सर्वर अथवा डेस्कटॉप एप्लीकेशन में समेकित करने का सबसे आसान तरीका।

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप शुरूआतकर्ता हैं अथवा ओपन डॉक्युमेन्ट अथवा PDFs बनाने के लिए पहले ही से अन्य लाइब्रेरीज के साथ कार्य कर चुके हैं।
VIVA Publishing उत्पाद तथा तकनीकें आपके डेवलपर का कार्यभार अच्छा खासा कम कर देती हैं तथा ठीक उसी समय एक ओपन सिस्टम प्रदान करता है जो आपको तथा आपके ग्राहक को बिलकुल नया वर्कफ्लो तथा तकनीकी संभावनाएं प्रदान करता है।

परिपूर्ण डॉक्युमेन्ट अथवा PDFs बनायेः
VIVA Publishing Servers के साथ आप XML फाइल के आधार पर परिपूर्ण PDFs अथवा ओपन डॉक्युमेन्ट बना सकते हैं।

अपने एप्लीकेशन में डॉक्युमेन्ट को प्रबन्धित करिए:
VivaDesigner® सभी सहायक फॉरमैट (VIVA®, IDML, XML, आदि) में डॉक्युमेन्ट को सीधे डेटाबेस, इन्ट्रानेट, अथवा इन्टरनेट एप्लीकेशन पर खोल तथा सेव कर सकता है।
इस प्रकार, उदाहरण के लिए, आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि उपयोगकर्ता आपके डॉक्युमेन्ट को सीधे अपने कम्प्यूटर पर न सेव करे।

डॉक्युमेन्ट से अपने मानदण्ड पढ़िएः
आदेश सूचना (पेज प्रिव्यूट, डॉक्युमेन्ट सूचना आदि) के लिए VIVA प्रोग्राम XMP फॉरमैट को सहायता प्रदान करते हैं, तथा XMP फॉरमैट में उपयोगकर्ता सूचना के पृथक विस्तार को सक्षम बनाते हैं।

VIVA डॉक्युमेन्ट लिखें अथवा पढ़ें:
अपने एप्लीकेशन में हिस्सों में अथवा सम्पूर्ण डॉक्युमेन्ट लिखें अथवा पढ़ें, जैसे कि VivaDesigner® डॉक्युमेन्ट को पूर्णतया XML फॉरमैट में सेव किया जा सकता है।

टेक्स्ट को डिजाइन में परिवर्तित करें:
एक सरल XSL रूपांतरण के साथ आप फॉरमैट किये हुए टेक्स्ट को "CSS" के आधार पर HTML में परिवर्तित कर सकते हैं।

Adobe® InDesign® डॉक्युमेन्ट के साथ कार्य करें:
IDML सहायता मॉड्यूल के साथ आप Adobe® InDesign® डॉक्युमेन्ट (CS4 से) को अपने एप्लीकेशन में सम्पादित तथा सेव कर सकते हैं।

संदर्भः

अग्रणी कम्पनियाँ, सर्विस ब्यूरो तथा विश्वव्यापी मुद्रक VIVA उत्पादों तथा सेवाओं पर विश्वास करते हैं।

ऑटोमोटिवः Audi, BMW, Lexus, Mercedes Benz, Fiat, Volkswagen, Peugeot, Daewoo, Citroen, SEAT, Ford, Smart, L&P Automotive, Vauxhall, Renault, Chrysler, Jeep.
उपभोज्यः apetito, McDonalds, Müller Milch, Nescafé, KFC (Kentucky), Kellogs Cornflakes, Mars, Magnum, Toblerone, McCain.
उद्योग तथा व्यापारः AEG, Bosch, IKEA Spain, Phywe, Karstadt, Praktiker, Procter & Gamble, Soft-Carrier, Quelle, Marks & Spencer .
वित्तीयः Cortal Consors, Deutscher Sparkassen- und Giroverband, Postbank, Schroders Investment, HSBC, Mastercard, Barclaycard, Maestro, Halifax.
दवा, रसायन, चिकित्साः Bayer, Pfizer, Aesculap, B.Braun Melsungen.
परिवहन तथा माल भाड़ाः Deutsche Bahn, DB Regio, Schenker, Eurostar.
फैशन तथा कॉस्मेसटिक्क्स्: Armani, Chanel, Wrangler, H&M, Nivea, Boss, Nike, Adidas, C & A, Gucci, Levis, Puma, L'Oreal, GAP, Esprit Bodywear, Triumph, Palmolive, Colgate, Ariel, Gillette.
आई.टी. एवं संचारः AGFA, CREO, Microsoft, O2, Hewlett-Packard, Samsung, Vodafone, T-Online, Océ, Deutsche Telekom, British Telecom, Tiscali, Orange, VIAG Interkom, Debitel, FujiFilm, EBAY, Kodak, AOL, Epson, Intel, Motorola, Nokia, Sony, Sony Ericsson, Yahoo, BBC, Canon, Discovery Channel, Logitech.
पर्यटनः Alltours, Berge & Meer, Olimar Reisen, British Airways, AirFrance, Easyjet, Virgin Holidays, P&O Cruises, Singapore Airlines, Icelandair.

VIVA
WE PUBLISH THE WORLD

VIVA
Zuechner Str. 6-8
56070 Koblenz
Germany

Tel.: +49 261 88426 - 60
Fax: +49 261 88426 - 66
Internet: www.viva.us
E-Mail: sales@viva.us

स्थिति: II. March 2013 © 1994-2013 VIVA GmbH - VIVA, VIVA नेटवर्क पब्लिशिंग, इंटेलिजेंट प्रकाशन, डाटावेस पब्लिशिंग, GmbH के ट्रेडमार्क पंजीकृत हैं।
सभी ट्रेडमार्क और लोगोज का इस्तेमाल उनके संबंधित मालिकों की संपत्ति हैं। लेआउट, पाठ और कवर विडिज़ के लिए VivaDesigner 7 के साथ बनाया गया है। लेआउट, पाठ और कवर: Andreas Krings, कैप्ट्ज़ें.